कुक्कुट (पुं०) कुक्कुड़, मुर्ग़ा
बक (पुं०) बगला
उलूक (पुं०) उल्लू
चटक (पुं०) चिड़ा
चटका (स्त्री०) चिड़ी

५ फल सम्बन्धि शब्द ।

(नपुंसक)

आम्रफल—आम
नारिकेलफल—नारियल
नारङ्गफल—नारंगी, संतरा
सेव फल—सेव
अमृत फल—नाख, नासपाती
खर्जूर फल—खजूर, पिण्ड
जम्बू फल—जामन, जम्बू
दाडिम फल—अनार
कदली फल—केला
बदरी फल—बेर
अक्षोट फल—अखरोट
एलाफल—इलायची
पूग फल—
पूगी फल— } सुपारी

द्राक्षा फल—दाख, द्राख, किसमिस
बिल्व फल—बिल
जम्बीर फल—नींबू
पीलु फल—पीलूँ
अङ्कोट फल—पिस्ता
बादाम फल—
वाताद फल— } बादाम
दशाङ्गुल फल—खरबूज़ा, रींडा
कालिन्द (ङ्ग) फल—तरबूज़, हिन्दवाणा
कर्कटी फल—तर, ककड़ी
त्रपुस फल—खीरा

६ भक्ष्य-पेय सम्बन्धि शब्द ।

सिद्धान्न (न०) पका हुआ अन्न
आमान्न (न०) कच्चा अन्न
गोधूमचूर्ण (पुं० न०) कणक का आटा

पक्वान्न (न०) पकवान
मिष्टान्न (न०) मिठाई
मोदक (पुं०) लड्डू, पेड़ा
पायस (न०) खीर

संयाव (पुं०) सीरा, हलवा
शष्कुली (स्त्री०) पूड़ी (री)
अपूप (पुं०) पूड़े
ओदन (पुं० न०) भात
यवागू (स्त्री०) लपसी, पतला भात
सक्तु (पुं०) सत्तू
तेमन (न०) कढ़ी
रोटिका (स्त्री०) रोटी
सूप (पुं०) दाल
शाक (पुं० न०) साग

व्यञ्जन (न०) सब्ज़ी
दुग्ध (न०) दूध
कूर्चिका] (स्त्री०) मलाई
किलाटिका] (स्त्री०) मावा, खोया
नवनीत (न०) माखन, मक्खन
घृत (न०) घी, घिओ
दधि (न०) दही
तक्र (न०) छाछ
मथित (न०) मट्ठा

७ सम्बन्ध सम्बन्धि शब्द ।

पितृ, जनक] (पुं०) पिता
पितामह (पुं०) बाबा, दादा
प्रपितामह (पुं०) परदादा
मातृ, जननी] (स्त्री०) माता, मां
पितामही (स्त्री०) दादी
प्रपितामही (स्त्री०) परदादी

मातामह (पुं०) नाना
प्रमातामह (पुं०) पर नाना
वृद्ध प्रमातामह (पुं०) वृद्ध परनाना
मातामही (स्त्री०) नानी
प्रमातामही (स्त्री०) पर नानी
वृद्धप्रमातामही (स्त्री०) वृद्ध परनानी

पितृव्य (पुं०) चचा
पितृव्य पत्नी (स्त्री०) चाची
पितृव्य पुत्र (पुं०) चचेरा भाई
पितरेर भाई
सहोदर (पुं०) सगा भाई
भ्रातृ (पुं०) भाई
भ्रातृ जाया (स्त्री०) भरजाई
भौजाई
भ्रातृ पुत्र, भ्रातृ सुत, भ्रात्रीय } (पुं०) भतीजा
भ्रातृसुता (स्त्री०) भतीजी
मातुल (पुं०) मामा
मातुली (स्त्री०) मामी
मातुलसुत (पुं०) मामे का लड़का
ममलेर भाई
पुत्र, सुत] (पुं०) बेटा, पुत्र
पुत्री (स्त्री०) बेटी
पौत्र (पुं०) पोतरा

पौत्री (स्त्री०) पोतरी
प्रपौत्र (पुं०) परो (ड़ो) तरा
प्रपौत्री (स्त्री०) परोतरी
जामातृ (पुं०) जमाई, दामाद
भगिनी (स्त्री०) बहिन, भैण
भगिनी पति (पुं०) बहनोई
भणवैया
भागिनेय (पुं०) भानजा
भणेआ
पितृष्वसृ (स्त्री०) भूआ, फूफी
पितृष्वसृपति (पुं०) फूफड़
पैतृष्वस्रीय, पैतृष्वसेय] (पुं०) फूफेरा भाई
मातृष्वसृ (स्त्री०) मासी
मातृष्वसृपति (पुं०) मासड़
मातृष्वस्रीय, मातृष्वसेय] (पुं०) मसेरा भाई
पति (पुं०) पति
पत्नी (स्त्री०) विवाहिता
स्त्री, धर्म पत्नी

श्वशुर [पुं०] सौरा
श्वश्रू [स्त्री०] सास
श्याल [पुं०] साला
देवर [पुं०] देवर, दर
यातृ [स्त्री०] डिराणी, देवराणी
ननान्द्र [स्त्री०] ननद, निनाण

८ पुरुष विशेष सम्बन्धि शब्द ।

(पुंलिङ्ग)

तुन्दिल—बड़े पेट वाला,
वामन—छोटे शरीर वाला, मन्धरा
अन्ध—अन्धा
काण—काणा
बधिर—बहरा-डोरा
कुब्ज—कुबड़ा, कुब्बा
पङ्गु, खञ्ज—लूला, लंगड़ा
नाविक, कर्णधार—मलाह
मालाकार—माली
कुम्भकार—कुम्हार
चर्मकार—चमार
लोहकार—लोहार
स्वर्णकार—सुनार

चित्रकार—चित्र बनाने वाला
द्यूतकार—जुआरी
तैलकार—तेली
प्रतिहार—द्वारपाल, दरबान
शस्त्रमार्ज—सिकलीगर
आहितुण्डिक, ऐन्द्रिजालिक—मदारी
भारवाह—भार उठाने वाला, मज़दूर, कुली
सौचिक—दर्ज़ी
रजक—धोबी
तन्तुवाय—जुलाहा, पाकली
नापित—नाई
व्याध—शिकारी
रङ्गाजीव—लिलारी
तक्षक—घिरखान, बढ़ई

सप्तमः पाठः Lesson VII.

विशेषण शब्द

(त्रिलिङ्ग)

श्वेत—चिट्टा, सफ़ेद	शुष्क—सूखा
कृष्ण—काला	चिक्कण—चिकना
रक्त—लाल, रत्ता	कोमल—नरम
पीत—पीला	कठिन—कड़ा, सख्त
हरित—हरा, सबज़	लघु—छोटा
चित्र—कई प्रकार का रङ्ग	महत्—वड़ा
मधुर—मीठा	स्थूल—मोटा
अम्ल—खट्टा	कृश—दुबला
लवण—लून जैसा, नमकीन	उन्नत—ऊंचा
कटु—कौड़ा, कड़वा	विशाल—चौड़ा
कषाय—कसैला, कसावला	वर्तुल—गोल मोल
तिक्त—तिक्खा, तेज़	समीप—पास, नेड़े
शीतल—ठण्डा	दूर—दूर
उष्ण—गर्म	गम्भीर—गहरा, डूंघा
अनुष्णाशीत—न ठण्डा न गर्म	सरल—सीधा
आर्द्र—गीला	वक्र—टेढ़ा

दक्षिण—दहना, सज्जा
वाम—बांया, खब्बा
अधिक—ज़्यादा
न्यून—थोड़ा
सम्पूर्ण—पूरा, सारा
असम्पूर्ण—अधूरा
अर्ध—आधा
नूतन—नया
पुरातन—पुराना
साधु—अच्छा
असाधु—बुरा
पक्व—पका हुआ, पक्का
अपक्व
आम]—कच्चा

प्रिय—प्यारा
अप्रिय—न प्यारा
दुःखित—दुःखी
आनन्दित—सुखी
पवित्र—शुद्ध
अपवित्र—अशुद्ध
वीर—बहादुर
धीर—धीरज वाला
विचित्र—न्यारा, अजीब
धर्मिष्ठ—धर्मात्मा
पापिष्ठ—पापी
मूर्ख—जड़

अष्टमः पाठः Lesson VIII.

क्रिया वाचक शब्द

(नपुंसक लिंग)

दर्शन—देखना
श्रवण—सुनना
गन्धन
गन्ध ग्रहण]—सूंघना

लेहन—चाटना
स्पर्शन—छूना
ज्ञान—जानना
पठन—पढ़ना

भाषण—बोलना
स्मरण—याद करना
खादन—खाना
पान—पीना
दान—देना
आदान—लेना
उपवेशन—बैठना
उत्थान—उठना
गमन —जाना
चलन —चलना
आगमन—आना
परिभ्रमण—घूमना, सैर करना
हसन—हंसना
रोदन—रोना
करण—करना
शयन—सोना
जागरण—जागना
नर्तन—नाचना
गान—गाना

वादन—बजाना
मान—मापना
तोलन—तोलना
पचन—पकाना
परिवेषण—परोसना, भोजन आदि का बर्ताना
संग्रहण—इकट्ठा करना
विक्षेपण, विकिरण[१] —बिखेरना, इधर उधर पटकना
ग्रहण—लेना, पकड़ना
मोचन—छोड़ना
बन्धन—बांधना
उद्घाटन—खोलना
पिधान—बन्द करना, ढांपना
कथन—कहना
चयन—चुनना
प्रक्षेपण—फैंकना
उत्क्षेपण—ऊपर फैंकना

---

१ क्यु प्रत्ययोऽत्र।

अपक्षेपण—नीचे फेंकना
आकुञ्चन—कुंजना, तह करना
प्रसारण—फैलाना
समीक्षण—टटोलना, भली भांति देखना
अन्वेषण—ढूंढना
परीक्षण—परखना, परीक्षा लेना
निगरण—निगलना
चवर्ण—चाबना, चबाना
प्रवेशण—प्रवेश करना, भीतर जाना, घुसना
निर्गमन—निकलना
दोहन—दोहना
मन्थन—मथना
परिधान—पहनना
उत्तरण—उत्तर देना
आरोहण—चढ़ना
अवरोहण, अवतरण—उतरना
सन्तरण—तैरना

स्वीकरण—मानना
स्नान—नहाना
भजन—भक्ति करना
सहन—सहना, सहारा करना
निमज्जन—डूबना, डुबकी लगाना
उन्मज्जन—पानी से बाहर होना
विचारण—सोचना, विचार करना
प्रक्षालन—धोना, शुद्ध करना
निष्पीडन—निपीड़ना, निचोड़ना
घोटन—घोटना
पेषण—पीसना
सङ्घर्षण—घिसना, रगड़ना
लेपन—लीपना
त्रोटन—तोड़ना
संयोजन—जोड़ना, मिलाना
हनन—मारना

ताडन–ताड़ना
ग्रन्थन–गांठना
छेदन–काटना, चीरना, फाड़ना
भेदन–तोड़ना, फोड़ना, काटना
उत्कूर्दन–कूदना, उछलना
पूजन–पूजना
अलङ्करण–सजना, गहना आदि पहिनना
नमन–नमस्कार करना, झुकना
भय–डरना
आवरण–छि (छु) पना, ढांपना, लुकाना
सम्प्रहरण–लड़ना
क्रयन–खरीदना
विक्रयन–बेचना
दशन–डसना
व्यधन] ताड़ना, चोटना,
वेधन] बेंधना
नयन]
प्रापण] –लेजाना, पहुंचाना

चरण–चरना
अपनयन–छिपाना, मुकरना
आकर्षण–खीं (खैं) चना, हल चलाना
पतन–गिरना
पातन–गिराना
सम्बोधन–समझना, समझाना
संस्थापन–थापना, रखना
प्रेषण–भेजना
पीडन–पीड़ा देना
खनन–खोदना
निखनन–गाड़ना
निष्कासन–निकालना
प्रतीक्षण–उडीकना, बाट देखना
पलायन–भागना
अभ्यर्थन–मांगना
गर्जन–गर्जना
दाहन–जलाना
क्रीडन–खेलना

देवन–जूआ खेलना
रञ्जन–रंगना
आपूरण–भरना
द्रवण–पिघलना
तक्षण–छीलना, तिलछना
गणन–गिनना
फूत्करण–फूंकना
वेष्टन–घेरना
उद्दीपन–दीप आदि का जलाना
ध्यान–सोचना, ईश्वर की ओर मन लगाना
चोरण–चुराना
निवसन–रहना, वसना
निमीलन–मीचना, बूंदना, आंख बन्द करना
उन्मीलन–ताकना, आंख खोलना

वपन–बोना, वा काटना
सेवन / सीवन –सीना, सिलाई करना
वयन–बुनना
वञ्चन–ठगना
आक्रमण–शत्रु पर चढ़ाई करना, दबाना, झपटना
संशोधन–शुद्ध करना, ठीक करना
पवित्रीकरण–पुनना, छानना
प्रोञ्छन–पोंछना
भर्जन–भूँजना, भूनना, भुनना
रक्षण–रक्षा करना
स्रवण–झरना
विसर्जन–छोड़ना, विदा करना

——:०:——

श्रीविद्वद्वरपूज्यपाद पितृवन्दनापद्यपुष्पाञ्जलिः ।

शिवलोके विराजन्तं नानाशास्त्रविचक्षणम् ।
इतिहासपुराणानां वक्तारं वेदपाठिनम् ॥१॥
कर्मठं शिवभक्तञ्च दुर्गापाठपरायणम् ।
शान्तात्मानं महात्मानं महर्षिभावभावितम् ॥२॥
सर्वबन्धुं कृपासिन्धुं पण्डितं गुणमण्डितम् ।
पूज्यं श्रीपितरं वन्दे कायवाङ्मानसैः सदा ॥३॥

वत्सगोत्र-सुधी-श्रीमच्छिवदयालुसूनुना ।
अनुवादप्रभाऽकारि गौरीशङ्करशास्त्रिणा ॥१॥

पञ्चापदेशान्तर्गतझङ्गाख्यपत्तनवास्तव्यवत्सगोत्र-जेतलीजात्यवच्छिन्न-श्रीपण्डितात्मारामशर्मप्रपौत्र-श्रीपण्डितश्यामदास शर्मपौत्र-श्री।पण्डितशिवदयालुशर्मपुत्र-श्रीगौरीशङ्करशास्त्रिकृताऽनुवादप्रभा समाप्ता ॥

* ओं नमः शिवाय *

(इति शम्)

अभ्यासार्थ ऐन्ट्रैन्स परीक्षा पत्र B. अनुवाद ।

The Punjab University Entrance Examination Sanskrit Question Papers B.

१९०७

पिछले समय में एक बड़ा क्षत्री राजा था, जो संसार में विख्यात था । उस का नाम गाधि था । उस का लड़का विश्वामित्र था । गाधि ने विश्वामित्र को हर प्रकार की शिक्षा दी और जब वह जवान हो गया तो राज सिंहासन पर उस को बिठा कर खुद योग से अपने शरीर को साग दिया ।

जब विश्वामित्र राजा बना तो उस ने देखा कि राक्षसों ने उस की प्रजा को अत्यन्त पीड़ित कर रक्खा है । इन राक्षसों को मारने के लिये उस ने एक बड़ी सेना अपने साथ ली, और एक बन से दूसरे बन में जाकर बहुत से राक्षसों का नाश कर दिया । इसी तरह वह चलते चलते वसिष्ठ के आश्रम के पास पहुंचा । उस के सैनिकों ने वहां ठहरने से बन को काट कर बहुत से घर बना लिये । वसिष्ठ ने इस आश्रम के विघ्न से क्रुद्ध हो कर अपनी काम-धेनु को आज्ञा दी कि शबरों की एक सेना उत्पन्न करो ।

कामधेनु ने उसी क्षण एक बड़ी शवर सेना पैदा कर दी, जिस ने विश्वामित्र के सारे सैनिकों को भगा दिया। विश्वामित्र, ब्रह्मर्षि वसिष्ठ के इस अद्भुत बल को देखकर चकित रह गया, और उसी समय में ब्रह्मर्षि बनने के लिये उस ने तप करना शुरू कर दिया। बहुत काल तप करने के बाद वह ब्रह्मर्षि पद को पहुंच गया, और सारे जगत में देवता के समान भ्रमण करने लगा।

१९०८

सूर्य्यवंश में दिलीप नाम एक विख्यात राजा था, वह प्रजा पालन में सदैव रत रहता था और सब शुभ गुणों से अलंकृत था, परन्तु पुत्र के अभाव से सर्वदा संतप्त हृदय रहता था। एक समय वह अपनी पत्नी सहित अपने गुरु वसिष्ठ के आश्रम को गया और प्रणाम करके उस से कहा, "हे ब्रह्मन्! मुझ से क्या अपराध हुआ कि मैं पुत्र विहीन हूं" वसिष्ठ ने विचार कर कहा 'हे पुत्र! नन्दिनी नाम मेरी गाय की सेवा कर, उस के प्रसन्न होने पर तेरे पुत्र उत्पन्न होगा'। गुरु से ऐसा सुनकर वह राजा नन्दिनी के पास गया और उस की सेवा करने लगा॥

एक दफ़े नन्दिनी राजा सहित हिमालय की एक गुहा में चली गई और वहां एक सिंह ने उस को पकड़ लिया,

राजा ने शर निकालना चाहा परन्तु उस का हाथ शिथिल हो गया, सिंह ने हंसकर राजा से कहा, 'हे राजन्! तेरे तीर से मैं नहीं मर सकता, मेरे भोजन के लिये यह गाय मेरे पास आई है, मैं इसे नहीं छोडूंगा।' राजा ने कहा 'हे सिंह! इस गाय को छोड़ दे और मेरे शरीर का भोजन कर ले।' ऐसा कह कर राजा ने अपने आप को मांस पिण्ड-वत् सिंह के आगे डाल दिया। राजा दिलीप की तरह तुम भी धर्म के लिए प्राण देने तक के लिये उद्यत रहो॥

१९०९

ब्रह्मारण्य में कर्पूरतिलक नाम एक हस्ती रहता था। उस को देख कर उस बन के रहने वाले सब गीदड़ों ने सोचा कि यदि यह किसी उपाय से मर जावे तो इस के देह से हमारे लिए चार महीने का भोजन हो जावेगा। वहां एक बूढ़े गीदड़ ने प्रतिज्ञा की कि मैं अपनी बुद्धि के प्रभाव से इस को मार डालूंगा, यह कह कर वह ठग कर्पूरतिलक के पास गया, और साष्टांग प्रणाम कर कर बोला, कि 'हे देव! ज़रा मेरी ओर दृष्टि कीजिये'। हस्ती ने कहा 'तू कौन है और कहां से आया है'। उस ने कहा 'मैं गीदड़ हूं, और सब बन के रहने वालों ने मिल कर मुझे आप के पास भेजा है, और कहा है कि बिना राजा

के रहना ठीक नहीं, इस बन के राज्य करने के लिए आप में सब स्वामी गुण मौजूद हैं, इस लिये प्रार्थना है कि जल्दी से आप आजावें कि लग्न वेला न टल जावे'। यह कह कर गीदड़ उठ कर चला और हस्ती भी राज्य के लोभ से भागता हुआ बड़े कीचड़ में फंस गया, कीचड़ में फंस कर हस्ती ने कहा, 'हे मित्र गीदड़! अब क्या करूं मैं तो बड़े कीचड़ में फंस गया और मरा जाता हूं, ज़रा मुड़ कर मेरी ओर देख'। गींदड़ ने हंस कर कहा 'हे देव! मेरी दुम पकड़ कर उठ आ, तूने मेरी बात का विश्वास किया इस लिए दुःख भोग' ॥

१९१०

पूर्व समय में शूद्रक नाम एक राजा था। वह एक दिन सभा सिंहासन पर बैठा था कि वीरवर नाम राजकुमार ने आकर कहा "महाराज! यदि मेरे योग्य कोई सेवा हो तो उस पर नियत कीजिये और प्रतिदिन पंच शत मुद्रा मुझ को वेतन दान कीजिये" राजा ने पूछा इतना वेतन लेकर तुम क्या सेवा करोगे?" राजकुमार ने कहा "जो दो बाहु और तीसरे खड्ग से सम्भव होगा" राजा ने कहा "मैं यह स्वीकार नहीं कर सकता" ऐसा सुन कर वीरवर चल दिया। पर मन्त्रियों ने कहा "महाराज! एक

दिन का वेतन देकर देखना उचित है कि वीरवर क्या करता है"। इस पर राजा ने उस को बुला कर और एक दिन का वेतन देकर कहा कि 'द्वार पर उपस्थित रहो'। रात्रि समय राजा ने रुदन ध्वनि सुनी और वीरवर से कहा कि "उस का कारण निश्चय कर मुझ से निवेदन करो"। आज्ञा पाते ही वीरवर चल दिया। राजा ने भी कुतूहल के वश से खड्ग हाथ में ले उसका अनुसरण किया। नगर के बाहर वीरवर ने रुदन करती हुई एक स्त्री को देखा और रुदन का कारण पूछा। उस ने कहा मैं "शूद्रक की राजलक्ष्मी हूं, यदि तू अपने पुत्र को इसी समय देवी को उपहार न देगा तो शूद्रक अवश्य ही प्रातःकाल मृत्यु-लोक को सिधार जावेगा"। ऐसा सुन वीरवर ने तत्क्षण ही अपने पुत्र को लाकर "हे देवि! उपहार स्वीकार कर" ऐसा कह खड्ग से उस का शिरः छेद कर दिया॥

१९११

किसी राजा का मन्त्री बड़ा चतुर और सुशील था। वह सब का हित चाहने वाला था और वैरी की भी निन्दा नहीं करता था। एक समय किसी कारण से राजा उस से क्रुद्ध हो गया और उसे कारागार में डाल दिया। उस का सौजन्य और चातुर्य बहुत दूर विख्यात था।

इसी कारण किसी समीप के राजा ने उसे एक पत्र में लिखा कि " आप जैसे बुद्धिमान् के अनादर को सुन कर मुझे बहुत दुःख हुआ । आप के स्वामी ने आप के गुणों को न पहचाना । यदि आप मेरे राज्य को अपने चातुर्य से अलंकृत करेंगे तो सविशेष सत्कृत होंगे " ॥

मन्त्री इस पत्र को पढ़ कर एक क्षण चुप रहा और फिर उत्तर लिख कर दूत को दे दिया । इसी अन्तर में किसी मनुष्य ने राजा के पास जाकर कहा कि " महाराज का मन्त्री कारागार में पड़ा हुआ भी गूढ़ पत्र द्वारा और राजाओं से सन्धि करता है । अभी उस ने समीप के राजा के पास एक दूत भेजा है" । यह सुन कर राजा ने सद्य एव रक्षकों को भेजा और वह उस दूत को शीघ्र बांध कर ले आए । उस के हाथ से पत्र लेकर राजा ने पढ़ा " महाराज ! मैं ऐसी प्रशंसा के योग्य कदापि नहीं हूं, जैसा आप ने मुझे समझा है । तत्त्वतः मैं गुण हीन ही हूं । आप केवल अपने अनुग्रह से मुझे ऐसा समझते हैं । मेरा जन्म ही से इस राजकुल में पोषण हुआ है और अपने स्वामी के अनुग्रह से मैंने इतना यश लाभ किया है, अब अल्प विरोध से मैं अपने उपकार करने वाले स्वामी की न निन्दा कर सकता हूं न उन्हें छोड़ सकता हूं " । इस पत्र को

पढ़ कर राजा ने उसी समय उस मन्त्री को मुक्त बन्धन कर दिया और उस की पहली ही सी प्रतिष्ठा कर दी।

१९१२

मालव प्रान्त में एक कृषीवल रहता था जो सन्तान हीन था। बृद्धावस्था में उस के एक पुत्री उत्पन्न हुई जिस का उस ने अहल्या नाम रक्खा। अहल्या बड़ी भाग्य-वती थी उस के तेजस्वी स्वरूप और बुद्धिमत्ता को देख कर सब मनुष्य चकित रह जाते थे। और कहते थे कि इस कन्या का अवश्य ही किसी राजपुत्र से विवाह सम्बन्ध होगा। किन्तु उस का पिता ऐसी वार्ताओं का विश्वास नहीं करता था। उसे अपनी दरिद्रता के कारण आशा न थी कि उस की कन्या ऐसी उत्कृष्ट पदवी को प्राप्त करेगी। शनैः शनैः जब वह कन्या युवती और विवाह योग्य हुई तो उस के पिता ने उस के लिये वरान्वेषण करना आरम्भ किया। उसी समय राजा मलहार राव उस ग्राम में आकर एक दिन को ठहरा। उस का लड़का भी उस के साथ था, दोनों ने अहल्या को उस ग्राम में देखा और उस के तेजस्वी स्वरूप और बुद्धिमत्ता को देख कर अति चकित हुए। पिता ने पुत्र का उस कन्या के ऊपर प्रीति भाव देख कर कन्या के गुरु से पूछा कि यह किस

की कन्या है। गुरु ने अति स्निग्ध भाव से न केवल अहल्या के कुल का वर्णन किया किन्तु उस के असामान्य गुणों की भी अति प्रशंसा की। इस प्रशंसा को सुन कर मलहार राव ने कन्या के पिता से मिल कर विवाह नियत कर लिया और शीघ्र ही अहल्या इस विख्यात राजा के पुत्र से व्याही गई । इस प्रकार अहल्या महिषी पद को प्राप्त हुई ॥

१९१३

१ वङ्गदेश में एक विख्यात भूपति था जो निज प्रजा को पुत्रवत पालता था । एक समय उसके राज्य में असन्त दुर्भिक्ष हुआ जिस से सारी प्रजा अतीव पीड़ित हुई। राजा ने अपने मन्त्रियों को बुलाया और मन्त्रणा की कि किस उपाय से इस प्रजा की व्यथा को दूर किया जाए। एक मन्त्री बड़ा चतुर और करुणाशील था, उस ने सविनय निवेदन किया कि "महाराज इस दुर्भिक्ष के ही निमित्त आप के पूर्वजों ने अन्न की असंख्यात द्रोणी पाटली पुत्र में सञ्चित कर रक्खी हैं, उन से इस समय प्रजा का अति उपकार हो सकता है। पर एक विज्ञापना और है कि यदि प्रजा को परिश्रम विना यह अन्न प्राप्त हो जाएगा तो सारी प्रजा शिथिल और आलसी हो जाएगी, अतएव

उचित है कि कूप तड़ाग आदि के खनन का प्रबन्ध किया जाए, दुर्भिक्ष से पीड़ित प्रजा को उस पर नियोजित किया जाए, और प्रतिदिन परिमित अन्न उन की प्राण रक्षा के निमित्त दिया जाए। इस प्रकार प्रजा का भी बहुत उपकार होगा और राज्य को भी लाभ होगा"। मन्त्री के इस अति चतुर उपाय को सुन कर राजा ने तदैव कूपादि खननार्थ शासन दिया और मन्त्री ही को इस काम का प्रधानाध्यक्ष नियत किया। इस प्रकार प्रजा की पीड़ा शीघ्र ही दूर हो गई।

१९१४

धर्म बन्धु नाम विदर्भ देश का एक विख्यात राजा था, जो सदैव प्रजा के हित के लिये यत्न करता रहता था। उस ने प्रति स्थल में वापी तड़ाग आदि खनन करा दिये कि अनावृष्टि में उपयोगी हों, प्रजा की शिक्षा के निमित्त प्रति ग्राम में पाठशाला स्थापित कर दीं कि बालक और बालिकाएं दोनों पढ़ें। एक वर्ष उस के राज्य में टुण्डा नाम एक महाराक्षसी आई जिस ने प्रजा के बालक और युवक नाश करने आरम्भ किये। प्रजा ने बहुत यत्न किया कि इस दुष्ट राक्षसी को किसी उपाय से मारें, पर उन के सर्व उपाय निष्फल रहे। अत्यन्त दुःखी हो वह अपने

करुणाशील राजा के पास गए और विनय पूर्वक निवेदन किया कि "हे राजन् ! प्रतिदिन हमारे बालक और युवक यम सदन को जा रहे हैं पर यह टुण्डा राक्षसी नष्ट नहीं होती। राजा बहुत चिन्ताकुल हुआ पर कोई उपाय उस के नाश का समझ में न आया। विदर्भ देश की राजधानी के समीप ही एक महर्षि का आश्रम था। राजा इस महर्षि के पास गया और सविनय कहा "हे महर्षे ! टुण्डा नाम एक राक्षसी ने मेरी प्रजा को असन्त दुःखी कर रक्खा है, स्त्री होने के कारण शस्त्रों से उस का वध अनुचित है। कोई ऐसा आप उपाय बताइए जिस से अनायास वह नष्ट हो जाए"। महर्षि ने यह सुनकर और किञ्चित् ध्यान करके कहा, "आगामिनी पूर्णमासी की रात्रि को सर्व ग्राम नगर आदि की रथ्यायों (गलियों) आपणों (बाजारों) और गृहों में युगपत् अग्नि प्रज्वलित कर दो । राक्षसी अवश्य नष्ट हो जाएगी "। प्रजा ने ऐसा ही किया और राक्षसी का नाश हो गया।

१९१५

विन्ध्याचल के गहन बन में मरीच ऋषि का आश्रम था जहां बहुत से शिष्य प्रति दिन पढ़ने के लिये आते थे। एक दिन एक शिष्य अपने साथ एक शुकशावक ले

आया। ऋषि ने उसे देखकर और कुछ विचार कर कहा कि "यह शुक पहले जन्म में एक विद्वान् ब्राह्मण था, एक महर्षि के शाप से इस दशा को प्राप्त हुआ है"। सब शिष्य यह सुनकर विस्मित रह गए और गुरु से सविनय निवेदन किया कि 'इस के पूर्व जन्म की कथा कह कर कृतार्थ कीजिये, और कृपा कर कोई उपाय बताइए जिस से यह शुकशावक अपने शाप से निवृत्त हो और ब्राह्मण जन्म पुनर्लाभ करे'। यह सुनकर ऋषिं ने इस प्रकार कथन आरम्भ किया। "कुरुदेश के प्रधान नगर हस्तिनापुर में सर्व शास्त्रों में कुशल सर्व विद्याओं में प्रवीण, सर्व कलाओं में निपुण एक विद्वान ब्राह्मण रहता था। उस का एक पुत्र था जो पितृवद् गुणी और विद्वान था। उस के मन में वैराग्य उत्पन्न हुआ और वह हिमालय पर्वत पर तपस्या करने चला गया। बद्रिकाश्रम पहुंच कर उस ने कष्ट तप किया। उसी समय वहां एक यक्ष कन्या आई और इस के सुन्दर आकृति और अद्भुत रूप को देखकर उस की सेवा में प्रवृत्त हुई। किञ्चित्काल में उन की दृढ़ प्रीति हो गई"।

१९१६

काशी में एक बड़ा विद्वान् पण्डित रहता था, जो व्याकरण की मूर्त्ति, न्याय में कुशल, मीमांसा में अद्वितीय और वेदांत का अपूर्व शिक्षक था। उस का एक ही लड़का था जिस का नाम वाचस्पति था। बालपन से ही इस की शिक्षा का पूर्ण प्रबन्ध किया गया पर इस ने कुछ न पढ़ा। यह देख पिता अति दुःखी हुए और एक दिन अपने मन में विचार करने लगे, परमेश्वर की रचना अति अद्भुत है। यह पुत्र ऐसे कुल में उत्पन्न हुआ है जिस में पठन पाठन की प्रणाली सदा से चली आती है। इस के पढ़ाने को मेरे शिष्य प्रतिक्षण उद्यत रहते हैं। इस को चारों ओर दिन भर पठन पाठन ही दीखता है फिर भी पूर्व जन्म के संस्कारों का प्रभाव अद्भुत है कि यह पढ़ने की ओर क्षण भर भी ध्यान नहीं देता। कन्दुक क्रीड़ा से इसे अधिक प्रेम है, व्यायाम का व्यसनी है, गंगा के तट पर बालकों के साथ विविध क्रीड़ा में आसक्त रहता है, गंगा में स्नान करने, और वहीं तट पर बैठ सन्ध्या उपासना करने से अति प्रसन्न होता है। इसे किसी विधि इन आसक्तियों से बचाऊं, किस प्रकार विद्या का प्रेमी बनाऊं, किस रीति से शास्त्रों का मर्म सिखाऊं और व्यसनों से इस का चित्त

हटाऊं—यह बारंबार सोचता हुआ कोई उपाय नहीं पाता जिस से मनोवाञ्छित सिद्धि प्राप्त हो। इस प्रकार सोचते २ उसे निद्रा आगई। स्वप्न में एक दिव्य पुरुष को देखा कि वाचस्पति को साथ लिए खड़ा था और कह रहा था। "रे पण्डितवर! शोच मत कर, तेरा पुत्र परमेश्वर का परम भक्त और सन्मार्ग का परम उपदेष्टा होगा। तू इसे अगस्त्य आश्रम में ले जा, वहां एक महात्मा मौनव्रत धारण किए बैठे हैं, वह इसे उपदेश देंगे"॥

यह सुन कर वह वृद्धा बोली, "मेरा तो और कोई नहीं है; केवल एक पुत्र है, किन्तु वह मूर्ख बेटा भी प्रायः बारह वर्ष से इस बूढी दरिद्रा माता को छोड़ कर न जाने कहां चला गया। अब सुना है कि जयपुर के महाराजा रामसिंह के पहाड़ी किले में वह मेरा पुत्र कुछ काम करता है। पथिक लोग यहां आकर पानी पीते हैं और मुझे कुछ देना चाहते हैं, किन्तु पानी पिला कर मैं किसी से कुछ नहीं लेती, क्योंकि मैं यह जानती हूं कि तृषित को जल पिलाकर और क्षुधित को भोजन खिला कर उस के बदले में कुछ लेना भारी पाप है। जङ्गल की लकड़ी, मृगचर्म और वनौषधि आदि बेच किसी प्रकार मैं पेट भर लेती

हूं। परन्तु अब असन्त वृद्धा होने के कारण मुझ से परिश्रम नहीं हो सकता तथापि और क्या करूं? वृद्धावस्था में ऐसा निर्वाह बड़ा कष्ट दायक है। मैं अपनें जीवन का शेष समय बड़े ही दुःख से बिता रही हूं। इस अवस्था में पुत्र का वियोग तो एक प्रकार से मार हीं डाले है"। यह कह कर वह रोने लगी। सदा सत्पथ का अनुसरण करो और अध्यवसाय पूर्वक अपने काम में लगे रहो। संसार के सभी लोग बहुत बड़े विद्वान्, दार्शनिक वैज्ञानिक, आविष्कर्ता या करोड़पति नहीं बन सकते। पर सभी लोग अपने जीवन को प्रतिष्ठा और सुख से पूर्ण अवश्य बना सकते हैं; इस के अतिरिक्त यह बात भी ध्यान में रखने के योग्य है कि अप्रतिष्ठा और विफलता उन कामों में नहीं जिन को लोग छोटी अथवा तुच्छ समझते हैं। किन्तु उन कामों को अपनी पूर्ण शक्ति से न करने में है। जूता सीना निंदनीय नहीं है, निन्दनीय है मोची होकर ख़राब जूता सीना॥

१९१८

उस पर्वत की कन्दरा में सिंह रहता था। उसी कन्दरा में एक बिल था जिस में एक मूषक रहता था जब सिंह सोता तो मूषक बाहिर आकर सिंह के केश काटने

लगता। जब सिंह जागता तो मूषक शीघ्र बिल में प्रवेश करता। सिंह ने विचार किया कि इस क्षुद्र मूषक को मारने से मेरे यश को हानि होगी। अतः इस जैसा एक शत्रु लाकर इस का नाश करना चाहिये, यह विचार वह सिंह एक दिन ग्राम में गया और वहां से एक विडाल लाया। सिंह के सोने पर वह विडाल कंदरा के द्वार पर बैठ कर रक्षा करता। एक दिन विडाल ने मूषक को मार दिया। तब सिंह ने विचारा कि जिस काम के लिये मैं इस विडाल को लाया था वह तो सिद्ध हो गया अब इस को यहां रखना आवश्यक नहीं।

बोपदेव बाल्यावस्था में बहुत मन्द बुद्धि था। पुनः २ अभ्यास से भी अपना पाठ स्मरण न कर सकता था। उस ने बड़े परिश्रम से व्याकरण के अनेक ग्रन्थ पढ़े परन्तु ज्ञान प्राप्त न हुआ। एक दिन वह निराश हुआ और पाठशाला त्याग कर एक सरोवर के तट पर जा बैठा और विचारमग्न हो गया। कुछ काल के पीछे उस ने एक युवती को देखा जिस ने घट जल से पूर्ण कर एक पाषाण पर रखा और स्नान करने लगी। स्नान के पीछे घड़ा उठा कर वह घर को चली गई। प्रतिदिन घट घर्षण से उस पाषाण के मध्य में एक गर्त

हो गया था। यह देख कर वोपदेव के हृदय में एक नवीन भाव उदित हुआ। और वह प्रसन्नचित्त हो गुरु के निकट गया और बोला "गुरु जी! यदि प्रतिदिन घट के घर्षण से पाषाण में भी गर्त हो गया है तो अवश्य निरन्तर परिश्रम से मेरी बुद्धि भी तीक्ष्ण हो जायगी"।

१९१९

उस बन में एक वृद्ध हस्ती रहता था उस को देख कर शृगालों ने विचार किया कि यदि इस गज को किसी प्रकार मार डालें तो चिर काल तक भोजन की चिन्ता न होगी। एक वृद्ध शृगाल जो सभा में उपस्थित था, कहने लगा, "भ्रातृ गण! आप निश्चिन्त रहें, मैं बुद्धिबल से उसे अवश्य मार दूंगा"। एक दिन वही शृगाल उस हस्ती के समीप जाकर बोला, "महाराज! प्रणाम करता हूं"। यह सुन कर गज ने पूछा, "रे तू कौन है? कहां से आया है? और क्या चाहता है"? शृगाल ने उत्तर दिया, "महाराज! इस वन में बसने वाले सब जीवों ने मुझे आप के चरणों में भेजा है, प्रार्थना यह कि इस समय हम लोगों का कोई राजा नहीं, आप में सारे राजगुण विद्यामन हैं, क्योंकि राजा वही होना चाहिये, जो आप की तरह कुलीन, सदाचारी, प्रतापी, धर्मात्मा, और नीति कुशल

हो। अतः आप हमारी प्रार्थना को स्वीकार करें। क्योंकि राजा के बिना प्रजा दुःखित हो रही है। आप शीघ्र आइये, अच्छे कार्यों में विलम्ब करना उचित नहीं"। हस्ती यह सुन कर बहुत प्रसन्न हुआ, और राज्य के लोभ से मोहित हो, शृगाल के पीछे चल पड़ा॥

बहुत लोग कहते हैं कि उद्यम व्यर्थ है, क्योंकि प्रत्येक प्राणी सुख की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करता है, परन्तु उसे दुःख की भी प्राप्ति होती है। इस से स्पष्ट है कि ईश्वर जिसे चाहे उसे सुख वा दुःख का पात्र बना दे। सकल संसार के प्राणी ईश्वर के वश में हो कर सुख वा दुःख का अनुभव करते हैं, और विद्या से अविद्या का नाश होता है, प्रयत्न से विद्या की प्राप्ति होती है, इस कारण समस्त दुःखों का नाश प्रयत्न से होता है। यदि इस जगत् में सारे अनर्थों का मूल आलस्य न होता तो कौन धनवान् अथवा बलवान् न होता॥

१९२०

प्राचीन काल में सुदर्शन नाम एक राजा था। उस के कई पुत्र थे, परन्तु सब मूर्ख, वे न पढ़ सकते थे, न लिख सकते थे। राजा ने अनेक उपाय किये, परन्तु सफलता न हुई। एक दिन वह मन में विचारने लगा,

"मैं इन मूर्ख पुत्रों को क्या करूं, जो पढ़ें लिखेंगे नहीं तो ये राज्य कैसे करेंगे। जब मैं मर जाऊंगा तो इन की क्या गति होगी"। राजा को उदासीन देख कर एक पण्डित जिस का नाम विष्णु शर्मा था—बोला, "महाराज! मैं राजकुमारों को छः मास के भीतर नीति निपुण बना दूंगा। मैं इन को पोथी न पढ़ाऊंगा, किन्तु कथा सुनाऊंगा। गीदड़, सिंह और अन्य बन के जन्तुओं की बातें बताऊंगा। कुछ जन्तु चतुर होते हैं, कुछ मूढ़, कुछ विश्वास के योग्य, कुछ धूर्त। लोग भी ऐसे ही होते हैं।

इस प्रकार मैं राजकुमारों को अवश्य बुद्धिमान् बना दूंगा"। राजा ने उत्तर दिया, "बहुत अच्छा, इस उपकार से मैं सदैव आप का कृतज्ञ रहूंगा"। विष्णुशर्मा राजकुमारों को अपने घर ले गया। उस ने उन को मारा पीटा नहीं और न गाली दीं। उस ने मीठी बातें कीं, अपने पास बिठाया और मनोहर कथा कहने लगा। अन्त में ऐसा ही हुआ जैसा उस ने कहा था॥

हम सब के लिये राम चरित एक निर्मल दर्पण है। इस में हम देख सकते हैं कि बालकों को माता पिता की आज्ञा क्योंकर पालन करना चाहिये, भाइयों को कैसा परस्पर प्रेम रखना चाहिये, पतिव्रता स्त्री को अपने पति

की सेवा कैसे करनी चाहिये, अभिमानी और हठशील पुरुषों को हठ का फल क्या मिलता है, सत्य के पालन से क्या लाभ और असत्य के आचरण से कैसी हानि होती है।

प्यारे बालको, परम पवित्र रामायण को पढ़ना और उस के अनुसार सुनीति का बर्ताव करना तुम्हारे लिये परम हितकारी होगा, और तुम अपनी संसार यात्रा का निर्वाह सुख से कर सकोगे॥

१९२१

सूर्य की किरणों से व्याकुल होकर दो कुत्ते एक वृक्ष की छाया में बैठ गये और वार्तालाप करने लगे। एक ने कहा, "भाई! संसार में मूर्ख लोग व्यर्थ ही लड़ते हैं और दुःखित होते हैं"। दूसरे ने उत्तर दिया, "मित्र! तुम सत्य कहते हो। कलह करना अनुचित है। सदा सब से प्रेम के साथ रहना चाहिये। इस प्रकार जगत् में आनन्द की वृद्धि होगी और दुःख का नाश होगा। आओ, हम दोनों प्रतिज्ञा करें, कि परस्पर कलह कभी न करेंगे"। तब दोनों ने परमात्मा का ध्यान कर उक्त प्रकार से प्रतिज्ञा की। उसी क्षण में एक मांस का खण्ड ऊपर से उन के सन्मुख गिरा। दोनों कुत्ते उसे देख कर दौड़े। और क्योंकि दोनों ही मांस को खाना चाहते थे, उन में लड़ाई होने

लगी । यहां तक कि दोनों के शरीर रुधिर से लिप्त हो गए । एक काक उन की इस अवस्था को देख कर वृक्ष से उड़ा और मांस खण्ड को चञ्चु से पकड़ कर लेगया। संसार में मित्रता उसी समय तक रहती है, जब तक स्वार्थ नहीं होता । स्वार्थ होने पर स्नेह और मित्रता का नाश हो जाता है ॥

जो धर्मात्मा हैं, वे शरणागत का त्याग नहीं करते । विपत्ति में भी धर्म में दृढ़ रहते हैं । इसी कारण उन का यश वृद्धि पाता है । बड़ों का निरादर करने से मनुष्य नीच दशा को प्राप्त हो जाता है, और कष्ट भोगता है । विद्वान् चाहे बालक हो अथवा कुरूप सदैव आदर के योग्य है । परन्तु विद्वान् को अपनी विद्या का अहङ्कार कभी न करना चाहिये। पढ़ी हुई विद्या सफल हो अथवा निष्फल, अधर्माचरण तो कभी भी उचित नहीं ॥

१९२२

(a) एक निन एक राजा अपने सचिव और सेवक के साथ भ्रमण करते करते एक वन में पहुंचा। राजा ने तृषा से दुःखित हो कर सेवक को कहा—"जल लाओ" संमुख एक कुटी थी, वहां एक अन्ध तपस्वी कूप पर बैठा था। उस को देख कर सेवक बोला, "अरे अन्धे, हमें जल

दो"। यह वचन सुन कर वह तापस बोला। यहां से दूर हो जा। मैं नीच को जल नहीं दूंगा। सेवक राजा के पास आया और बोला, "अन्धा पानी नहीं देता" तब सचिव ने जाकर कहा, "भाई अन्धे थोड़ा सा जल दो"। उस तपस्वी ने उत्तर दिया, "आप राजा के मन्त्री हैं तो मुझे क्या ? मैं जल नहीं देता"। मन्त्री के लौट आने पर राजा स्वयं गया और उस ने मधुर वचनों से प्रार्थना की, "महात्मा जी मुझे बहुत तृषा लगी है, कृपया थोड़ा सा जल दीजिये"। वह बोला, "राजन् आप बैठ जाइए, मैं अभी जल देता हूं"। राजा ने आश्चर्य से कहा, "महात्मा जी जल तो मैं पीछे पान करूंगा प्रथम यह बताइये कि आप देख तो सकते नहीं तब आप ने कैसे जान लिया, कि प्रथम पुरुष सेवक था और दूसरा मन्त्री"। तापस ने उत्तर दिया, "मैंने यह सब कुछ वाणी से जाना। केवल आप के ही वचन आदर और सत्कार से पूर्ण थे, जिन से आप की योग्यता और कुलीनता प्रकट होती थी"।

(b) अपने कर्तव्य को प्रसन्नता से करो। उस के करने में उदास वा निराश मत होओ। अपने कार्य को मनोरञ्जक बनाओ। एवं वह कार्य सुख से सिद्ध होगा। कुछ न कुछ काम करते रहो, किसी उद्देश्य को हृदय में

रक्खो, इसी में जीवन का आनन्द है। अनेक मनुष्य अपने आनन्द के समय को भी मिथ्या भय और निर्मूल चिन्ताओं में व्यतीत करते हैं। मिथ्या कल्पनाओं से दूर रहो, और सदैव शुभ कार्यों के करने में प्रवृत्त रहो। बुद्धिमान् पुरुष के लिये प्रत्येक स्थान स्वदेश है, और शान्त चित्त वाले के लिए प्रत्येक स्थान उसका प्रासाद है॥

१९२३

किसी जंगल में एक व्याध ने पक्षियों को फांसने के लिये जाल फैला कर चावल बखेर दिये। चावल चुगने को कितने ही कबूतर उस जाल के भीतर घुसे और फंस गये। जब उस में से निकलने का कोई उपाय न देखा तो वे कबूतर जाल को लेकर उड़े और उन का प्रधान चित्रग्रीव अपने आश्रितों को विपद् से छुडाने की इच्छा से अपने मित्र हिरण्यक नाम चूहे के पास ले गया। दोनों मित्रों में परपस्र प्रिय सम्भाषण होने के अनन्तर हिरण्यक चित्रग्रीव के सम्मुख आया और उसे जाल में फंसा देख कुछ देर विस्मित हो चुप रहा। फिर बोला कि "हे मित्र! यह क्या?" चित्रग्रीव ने कहा "यह हम लोगों के बिना विचारे काम करने का फल है"। यह सुन हिरण्यक चित्रग्रीव का बन्धन काटने को उद्यत हुआ। तब चित्रग्रीव

ने कहा, "मित्र, ऐसा न करो, पहिले इन आश्रितों का बन्धन काट इन की प्राण रक्षा करो, पीछे मेरा बन्धन काटना"। हिरण्यक ने उत्तर दिया "मेरे दांत कोमल हैं, मुझ में इतनी शक्ति नहीं जो सब का बन्धन काट सकूं। अतएव मैं पहिले तुम्हारा बन्धन काट कर यथा साध्य औरों के भी बन्धन काटूंगा। इन सब के बन्धन काटते काटते मेरे दांत टूट जायेंगे तो फिर तुम्हारा बन्धन कैसे काटूंगा"। चित्रग्रीव ने कहा "मित्र यह बात तुम ने सच कही। किन्तु पहले जहां तक तुम से हो सके इन्हीं का बन्धन काटो, मैं किसी प्रकार अपने आश्रितों का दुःख नहीं देख सकता। ये कबूतर बिना द्रव्य के मेरे आश्रित बने हैं, अतएव अपने प्राण गवा कर भी इन की रक्षा करना मेरा धर्म है"।

यह सुन कर हिरण्यक आनन्द से पुलकित हो बोला, "मित्र तुम धन्य हो। आश्रितों पर जैसा तुम्हारा प्रेम है उस गुण से तुम त्रिलोकी के प्रभुत्व के योग्य हो"। यह कह उस ने सारे कबूतरों के बन्धन काट डाले॥

१९२४

अवध देश में सरयू नदी के किनारे प्राचीन समय में अयोध्या नाम की एक नगरी थी। वह इक्ष्वाकु वंशी

राजाओं की राजधानी थी। इसी वंश में दशरथ नाम के बड़े प्रतापी और धर्मात्मा राजा हुए। उन के तीन रानियां थीं, कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा। परन्तु राजा के कोई सन्तान न थी और इसी कारण राजा उदास रहते थे। एक बार शृङ्गी ऋषि राजा के पास आये और उन्हों ने कहा कि आप पुत्रेष्टि यज्ञ कीजिये, आप के सन्तान होगी। राजा ने ऐसा ही किया और नियत समय पर उन के चार पुत्र हुए। बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से रामचन्द्र, सुमित्रा के गर्भ से लक्ष्मण और शत्रुघ्न, और कैकेयी के गर्भ से भरत हुए। जब बालक बड़े हुए तो अपने कुलगुरु वसिष्ठ मुनि के घर पढ़ने को जाने लगे। वे विलक्षण बुद्धि के बालक थे इसलिये थोड़े ही दिनों में उन्हों ने लिखना पढ़ना, तीर चलाना, घोड़े पर चढ़ना, शिकार खेलना आदि बातें सीख लीं। कुछ समय के पश्चात् विश्वामित्र ऋषि राजा दशरथ के पास आये और उन्होंने कहा कि राजन्! राक्षस लोग आकर हमारे यज्ञ में विघ्न डालते हैं। यदि आप अपने पुत्रों राम और लक्ष्मण को हमें दें तो बड़ी कृपा हो। राजा दशरथ पहले तो सोच विचार करने लगे, परन्तु फिर वसिष्ठ जी के समझाने पर उन्होंने मुनि से कहा कि आप इन को ले जाइए।

विश्वामित्र के आश्रम में पहुंच कर इन बालकों ने अपनी वीरता का परिचय दिया। ऋषि बहुत प्रसन्न हुए और उन्हों ने दोनों भाइयों को अच्छे अच्छे हथियार दिये। थोड़े दिनों के पश्चात् समाचार मिला कि मिथिला के राजा अपनी कन्या सीता का विवाह करने के लिये स्वयंवर रचने वाले हैं। विश्वामित्र के साथ दोनों वीर बालक मिथिला पुरी गये॥

१९२५

राजा दशरथ अब वृद्ध हो गये थे। राज्य का काम उन से नहीं होता था। इस लिये उन्हों ने अपने ज्येष्ठ पुत्र श्रीरामचन्द्र को युवराज बनाना चाहा। यह बात कैकेयी को बुरी लगी। उसने राजा से कहा कि आप ने एक बार मुझे दो वर देने का वचन दिया था। वह आज तक पूरा नहीं किया अब मैं अपने दोनों वर मांगती हूं। एक वर से तो रामचन्द्र को १४ वर्ष का बनवास दीजिये और दूसरे से भरत को राजगद्दी। राजा यह सुनते ही घबरा गये। नगर वासी उत्सव मना रहे थे घर घर में आनन्द था। लोग हर्ष से फूले नहीं समाते थे, और राज तिलक की शुभ घड़ी की बाट देख रहे थे। जब कैकेयी के वर मांगने की चर्चा नगर में फैली तो कोलाहल मच गया। लोग

शोकाकुल हो कर कहने लगे। हाय इस रानी ने क्या किया। परन्तु अब क्या हो सकता था। राजा तो वचन दे चुके थे। प्रतिज्ञा पूरी न करनी उन के कुल की रीति से विरुद्ध था। राजा की बुरी दशा हुई। इधर तो सत्य का पालन और उधर पुत्र का प्रेम। रामचन्द्र जी को सब ने समझाया परन्तु उन्हों ने एक न सुनी और बन जाने की तय्यारी करने लगे। सीता और लक्ष्मण भी उन के साथ बन जाने को तय्यार हुए। रामचन्द्र जी ने सीता को बहुत समझाया और कहा कि बन में अनेक दुःख सहने पड़ेंगे। परन्तु उन्हों ने न माना और कहा कि जब आप ही बन जाते हैं तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी। स्त्री के लिये अपने पति की सेवा करना ही परम धर्म है॥

१९२६

(*a*) १—निषध देश का राजा नल एक बार बन विहार को निकला। नगर से कुछ दूर निकल जाने पर एक उपवन में उसने एक मनोहर तालाब देखा। उस में खूब कमल खिले हुए थे, मछलियां खेल रही थीं और अनेक प्रकार के जलपक्षी कलोल कर रहे थे। वहां पर उस ने एक बहुत ही मनोहर हंस को देखा। राजा को वह ऐसा अच्छा लगा कि उस ने उसे सजीव पकड़ना चाहा। इस

लिये उस ने अपने निशङ्ग से एक सम्मोहन शर उस पर चलाने के लिये निकाला। शर को उस ने शरासन पर रक्खा ही था कि उस ने एक अलक्षित वाणी सुनी। उस वाणी का यह मर्म था कि "हे नरेश, इस पर बाण मत छोड़। यह तेरा अभीष्ट सिद्ध करेगा। तेरी ही गुण सम्पदा के अनुरूप यह तुझे एक त्रिभुवन मोहिनी राजकन्या प्राप्त करावेगा। उसे तू अपनी महिषी बनाना।

(b) १.—मैं कल ही कलकत्ते से आया हूं।

२—तुम्हारा भाई कल ग्राम से लौट आएगा।

३—महात्मा परोपकार के लिये तन मन धन अर्पण कर देते हैं।

४—जैसे पहाड़ पृथिवी को धारण करते हैं वैसे ही राजा प्रजा का पालन करते हैं।

५—किसी साधु ने कुत्ते से पूछा तू रास्ते में क्यों सोता है। कुत्ता बोला मैं भले बुरे की परीक्षा करता हूं।

६—जो हम सच बोलेंगे तो ईश्वर हम से प्रसन्न होगा।

७—श्याम बड़ा अच्छा लड़का है। वह किसी को नहीं सताता।

८—ईश्वर के दिये देह के किसी अङ्ग की निन्दा नहीं करनी चाहिये।

९—इस विषय में तुम्हें कुछ चिन्ता नहीं करनी चाहिये।

१०—माता पिता की सेवा करो। फल पाओगे॥

(सम्मति पत्र)

(१)

पञ्जापप्रान्तीयझंगनगराभिजन पण्डितशिवदयालुजेतली तनय पण्डितगौरीशङ्करशास्त्रिनिर्मिता अनुवादप्रभा आदितः समाप्तिपर्यन्तमवलोकिता। तत्र विषयपरिपाटीदृक् क्रमेण सन्दर्भीकृता यथा बालानामनायासेनैव संस्कृतभाषण-नैपुण्याभिमुखत्वं जायेत। एतादृशां पाठशालासु नियोगेऽति-शायितो लाभो बालानां भवेदेवेति सम्मनुते।

महामहोपाध्याय पण्डित शिवदत्तशर्मा

१७-४-१७ प्रधान संस्कृताध्यापकः,

ओरियण्टल कालेज, लाहौर।

(२)

अनुवादप्रभां रम्यां बालानामुपकारिणीम्।
संस्कृतांगलच्छात्राणां विशेषादुपयोगिनीम् ॥१॥
प्राच्यप्रतीच्यभाषानुवादशिक्षाप्रदायिनीम्।
सव्याकरणविज्ञानवाक्यविन्यासबोधिनीम् ॥२॥
दृष्ट्वा हृष्टोऽस्मि सुप्रीतः समीहेऽस्याः प्रचारणम्।
प्रवेशिकापरीक्षार्थं मध्यमार्थमथापि वा ॥३॥
यद्यप्येतादृशाः सन्ति बहवोऽन्येऽपि संग्रहाः।
तथापि सारसंक्षेपसारल्यादियमुत्तमा ॥४॥
पञ्चाम्बुभूषणादिविद्यासागरशास्त्र्युपाधिधारी।

बुलाकीरामशर्म्मा ऽनुवादप्रभां समनुमनुते ॥८॥

महामहोपदेशक–पञ्जाबभूषण–विद्यासागर—

पण्डित बुलाकीराम शास्त्री

३१-७-१७ मेयो कालेज, अजमेर ।

(३)

(श्रीः)

श्रीपण्डितगौरीशङ्करशास्त्रिरचित "अनुवाद प्रभा" नामक पुस्तक को आदि से अन्त तक मैंने पढ़ा है । इस विषय की ऐसी उत्तम पुस्तक रचकर शास्त्री जी ने विद्यार्थियों पर बड़ा ही उपकार किया है । इस के अभ्यास द्वारा छात्रगण हिन्दी वाक्यों का यथाक्रम संस्कृत में अनुवाद बड़ी ही सुगमता से कर सकते हैं, तथा अनुवाद विषयक व्याकरण के नियमादिक का परिज्ञान भी इसके द्वारा उत्तमता से हो सकता है । पण्डित जी ने गुणद्वय सम्पन्न पुस्तक को बनाकर "एका क्रिया द्व्यर्थकरी प्रसिद्धा" इस न्याय को चरितार्थ कर दिया है ॥

(झङ्ग निवासी)

गोस्वामी पण्डित रामरङ्ग शास्त्री

हैड पण्डित

१६-४-१९१७ सैंट्रल मौडल स्कूल, लाहौर ॥

(समाचार पत्रों की सम्मतिएं)

(१) सरस्वती प्रयाग, भाग १८ खंड १ जून १९१७ संख्या ६, पूर्ण संख्या २१०,

अनुवाद प्रभा—साधारण छपी हुई ८४ पृष्ठों की पुस्तक का मूल्य ६ आना है। झङ्ग निवासी पण्डित गौरीशङ्कर शर्मा ने इस की रचना की है। आप हिन्दू हाई स्कूल झङ्ग में संस्कृताध्यापक हैं। यह पुस्तक आप को लिखने से भी मिल सकती है। संस्कृत पढ़ने वाले छोटे छोटे लड़कों को अनुवाद करना सिखाने के लिए यह लिखी गई है। व्याकरण के स्थूल नियम आदि इस में नये ढंग से बताये गये हैं। अभ्यास के लिए अनुवाद पाठ भी दिये गये हैं और आवश्यक बातें हिन्दी में अच्छी तरह समझा दी गई है। पुस्तक अपने उद्देश की सिद्धि की साधक है।

(२) ब्राह्मण सर्वस्व इटावा, भाग १४ अङ्क २ फाल्गुन सौर वि० १९७३ फ़रवरी १९१७

अनुवाद प्रभा—झङ्ग निवासी पं० गौरीशङ्कर शास्त्री ने इस पुस्तक की रचना की है। शास्त्री जी ने और भी कितनी ही पुस्तकों की रचना की है। प्रस्तुत पुस्तक आनुवाद विषयक है, इस में हिन्दी से संस्कृत और संस्कृत से हिन्दी अनुवाद करने का प्रकार वर्णित है। शब्द और

धातुओं के रूप भी दिये गये हैं तथा तद्धितान्त और कृदन्त शब्द भी दिये गये हैं। विद्यार्थियों की परीक्षा के लिए कितने ही अशुद्ध वाक्य भी दिये गये हैं जिनकी परीक्षा करने पर संस्कृतानुवाद सीखने वालों के बोध का पता लगाया जा सकता है। साधारण रीत्या पुस्तक अच्छी है मू० ।=)

(३) दैनिक भारत मित्र कलकत्ता, खंड ६ अङ्क २३ वैशाख व० १४ शनिवार १९७४

अनुवाद प्रभा—इस में संस्कृत में अनुवाद करने की रीति बतायी है। समझाने का ढंग अच्छा है। विद्यार्थियों के काम की चीज़ है। इस के रचयिता झङ्ग (पञ्जाब) के के. जी. सी. हिन्दू हाई स्कूल के संस्कृताध्यापक पण्डित गौरीशङ्कर शास्त्री हैं और उन्हीं से ।=) में मिलती है। डबल क्राउन १६ पेजी आकार का ८४ पृष्ठों की पुस्तक है।

(४) चिकित्सक (आयुर्वैदिक मासिकपत्र) कानपुर प्रथम वर्ष सप्तम संख्या आश्विन १९७४

अनुवाद प्रभा—इस में हिन्दी और अंग्रेज़ी के द्वारे सरल विधि से संस्कृतानुवाद सिखाने की रीति है। ...तक स्कूली बालकों की शिक्षा के योग्य है। इस के लेखक ...ग निवासी पं० गौरीशंकर जी शास्त्री हैं। पुस्तक की छपाई, ...ाई, कागज़ अच्छा है। मूल्य ।=) है। लेखक महाशय को लिखने से मिल सकती है॥

Copy of Circular Letter No. 1351 *Punjab Tex*
Book Committee Lahore.

No. 1351.

FROM

THE SECRETARY, PUNJAB TEXT-
BOOK COMMITTEE, LAHORE.

TO

PANDIT GAURI SHANKAR SHASTRI,
K. G. C., HINDU HIGH SCHOOL,
JHANG

Lahore the 18*th: September* 1917.

SIR,

With reference to your publication entitled "Anuvada Prabha," recently under the consider ation of the Punjab Text-Book Committee, I have the honour to state that it has been inclu ded in the list of books authorised for use i Government, Board and Aided Schools in th Punjab as an alternative text book.

I have the honour to be,
Sir,
Your most obedient servant,
(Sd.). E. TYDEMAN,
SECRETARY,
Punjab Text Book Commi